Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 12 फरवरी, 2020

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-12-february-2020

'एक भारत श्रेष्ठ भारत' अभियान

सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा देश भर में 10 फरवरी से 28 फरवरी तक **'एक भारत श्रेष्ठ भारत'** अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य देश की विविधता में एकता को दर्शाना तथा सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के सहयोग से राष्ट्रीय एकता की भावना को बढ़ावा देना है। एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत समग्र शिक्षा अभियान द्वारा कई पहलें की जा रही हैं। इसके माध्यम से असम और राजस्थान के बीच सदियों पुराने संबंधों को प्रस्तुत किया जा रहा है। ज्ञात हो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2015 में आयोजित राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों के मध्य सांस्कृतिक संबंध स्थापित करने का विचार प्रस्तुत किया था।

उत्तर प्रदेश में युवाओं के लिये इंटर्नशिप

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य के युवाओं को इंटर्नशिप उपलब्ध कराने की घोषणा की है। गोरखपुर (उत्तर प्रदेश) में आयोजित रोज़गार मेले में राज्य सरकार के इस कदम की सूचना देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि "राज्य सरकार एक योजना शुरू करेगी, जिसमें 6 महीने और 1 वर्ष की इंटर्नशिप करने वाले युवाओं को प्रतिमाह ढाई हज़ार रुपए दिये जाएंगे। इसके तहत 10वीं, 12वीं और ग्रेजुएशन करने वाले युवाओं को विभिन्न तकनीकी संस्थानों एवं उद्योगों से जोड़ा जाएगा। इंटर्नशिप के दौरान युवाओं को मिलने वाली कुल राशि (2500 रुपए) में से 1500 रुपए केंद्र सरकार द्वारा प्रदान किये जाएंगे, जबकि शेष राशि (1000 रुपए) राज्य सरकार द्वारा दी जाएगी।

काम्या कार्तिकेयन

मुंबई की रहने वाली 12 वर्ष की छात्रा काम्या कार्तिकेयन अर्जेंटीना स्थित एकांकागुआ (Aconcagua) पर्वत को फतह कर दुनिया की सबसे युवा पर्वतारोही बन गई हैं। काम्या मुंबई के नेवी चिल्ड्रेन स्कूल (Navy Children School) में सातवीं कक्षा की छात्रा हैं। ज्ञात हो कि अर्जेंटीना की एंडीज़ पर्वतमाला में स्थित एकांकागुआ पर्वत दक्षिण अमेरिकी महाद्वीप का सबसे ऊँचा पर्वत है, यह पर्वत कुल 6962 मीटर ऊँचा है। इसके अतिरिक्त काम्या ने 24 अगस्त, 2019 को लद्दाख में 6260 मीटर ऊँचे पर्वत मेंटोक कांग्री II पर चढ़ाई पूरी की थी। ऐसा करने वाली वह सबसे युवा पर्वतारोही थीं।

जम्मू-कश्मीर विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवोन्मेष परिषद

जम्मू-कश्मीर के नए उपराज्यपाल गिरीश चंद्र मुर्मू की अध्यक्षता में जम्मू-कश्मीर विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवोन्मेष परिषद (Jammu and Kashmir Science Technology and Innovation Council) का गठन हुआ है। उपराज्यपाल के अतिरिक्त परिषद में सरकार के प्रतिनिधियों में मुख्य सचिव, वित्त विभाग के प्रशासनिक सचिव, उपराज्यपाल के प्रधान सचिव,

विज्ञान और तकनीकी विभाग के प्रशासनिक सचिव को शामिल किया गया है। इसके अलावा जम्मू-कश्मीर के कुछ चुनिंदा शिक्षण संस्थानों के उपकुलपति भी इस परिषद के सदस्य बनाए गए हैं। यह परिषद सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन के एक साधन के रूप में विज्ञान और प्रौद्योगिकी की क्षमता का दोहन करने का प्रयास करेगा और यह सुनिश्चित करने का प्रयास करेगा कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हो रहे नवोन्मेष केवल प्रयोगशालाओं और शैक्षणिक संस्थानों तक ही सीमित न रहें बल्कि ज़मीनी स्तर पर पहुँचे, ताकि विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवोन्मेष को रोज़मर्रा की जिंदगी का हिस्सा बनाया जा सके।